# क्राइम पेट्रोल


वर्षः 16 अंकः 182 देहरादून सोमवार 30 मई 2022 | livecrimepatrol@gmail.com | (RNI No. UTTHIN/2005/16772) पृष्ठः 8 मूल्यः 1 रूपये


## आईआईटी रुड़की ने देश को कई नायाब हीरे दिए: राज्यपाल

नगर संवाददाता

देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से.नि.) ने आईआईटी रुड़की के एलुमनाई एसोसिएशन के देहरादून चैप्टर की ओर से आयोजित आईआईटी रुड़की के 175वें वर्ष के समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग किया। उन्होंने इस अवसर पर आयोजित शोध अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देने की दृष्टि से साइंस, टेक्नोलॉजी, इंजीनियरिंग और गणित के क्षेत्र में उभरती शक्ति और उसकी उपयोगिता पर केंद्रित अन्तर्राष्ट्रीय सेमिनार का उद्घाटन किया।

इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि आईआईटी रुड़की उत्तराखण्ड और देश का गौरव है। देश की प्रगति में आईआईटी रुड़की का महत्वपूर्ण योगदान है। इस संस्थान ने देश को 43,500 से भी अधिक बौद्धिक प्रतिभाएं तैयार कर देश के विकास में बड़ा योगदान दिया है। राज्यपाल ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, ड्रोन टेक्नोलॉजी, इनोवेशन राष्ट्र की शक्ति को बढ़ाते हैं। साइंस, टेक्नोलॉजी, इंजीनियरिंग, गणित जैसे विषयों में निपुणता से हम देश में बड़ा बदलाव ला सकते हैं। उत्तराखण्ड राज्य के लिए पलायन को रोकने, प्राकृतिक संसाधनों के सही उपयोग करने



और पहाड़ में रहने वाले लोगों की आजीविका को बढाने के लिए इनका उपयोग करना हो इस अवसर पर एलमुनाई एसोसिएशन राष्ट्रीय अध्यक्ष लेफ्टिनेंट जनरल (से नि) विशंभर सिंह, आईआईटी रुड़की के वरिष्ठ सेवानिवृत्त प्रो. हर्ष सिंघवाल, ओएनजीसी विदेश के डायरेक्टर इंजीनियर आलोक कुमार गुप्ता, देहरादून चैप्टर के अध्यक्ष जैन, अजय मित्तल, डीएस पंवार सहित आईआईटी रुड़की के विभिन्न क्षेत्रों में कार्य कर चुके वरिष्ठ नागरिक एवं पूर्व छात्र उपस्थित थे। इस अवसर पर राज्यपाल ने आईआईटी रुड़की एलुमनाई एसोसिएशन देहरादून चैप्टर की वेबसाइट का भी उद्घाटन किया यह वेबसाइट एसोसिएशन की विभिन्न गतिविधियों के प्रसार तथा लोगों की सहायता के लिए कार्य करेगी। राज्यपाल ने वेबसाइट के शुभारम्भ किया। आईआईटीआरएए का देहरादून चैप्टर बहुत सक्रिय स्थानीय चैप्टर है जो गरीबों और जरूरतमंदों की मदद के लिए फैमिली गेट टुगेदर्स का आयोजन करता है जिसमें बातचीत, सांस्कृतिक गतिविधियां, पेशेवर उन्नति साझा करना, पिकनिक और सामाजिक गतिविधियां शामिल हैं। आईआईटी रुड़की एलुमनी एसोसिएशन के देहरादून चैप्टर में 180 पंजीकृत सदस्य हैं और सबसे पुराने पूर्व छात्र 1950 बैच के हैं। इस समारोह में 7 राज्यों से आए पूरे भारत के लगभग 150 पूर्व छात्र परिवार ने प्रतिभाग किया। उन सभी पूर्व छात्रों (16 नंबर) को सम्मानित करने का प्रस्ताव है, जिन्होंने 80 वर्ष की आयु प्राप्त कर ली है। कार्यक्रम के प्रथम तकनीकी सत्र में अध्यक्ष धर्मवीर, सेवानिवृत्त आईएएस, डॉ. रमा भार्गव, आईआईटी रुड़की डॉ नवीन सिंघल, डीआईटीयू दूसरा तकनीकी सत्र, डॉ लवनीश चानाना, सिंगापुर, डॉ अचल मित्तल, प्रधान वैज्ञानिक, सीबीआरआई, रुड़की ने अपने विचार व्यक्त किये वही पैनल चर्चा में डॉ.वी.के.नांगिया,आईआईटी रुड़की, धरम वीर, आईएएस (सेवानिवृत्त), डॉ अचल मित्तल, सीबीआरआई, रुड़की, डॉ. एल.पी.सिंह, सीबीआरआई, सत्र की अध्यक्षता डॉ. एस.के.मित्तल एवं डॉ अमित अग्रवाल, निदेशक, टनकपुर इंजीनियरिंग कॉलेज ने की। ओएनजीसी और ओवीएल द्वारा प्रायोजित किया गया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष एलटी. जीईएन. बिशंबर सिंह, उपाध्यक्ष डा.अचल मित्तल एवम राष्ट्रीय सचिव डी. एस.पंवार भी सम्मिलित हुए। कार्यक्रम का संचालन प्रदीप सहारिया जी ने किया। तकनीकी सत्र का संचालन डा.नवीन सिंघल ने किया। अध्यक्षीय उद्‌बोधन में डॉ. एमपी जैन , अध्यक्ष, देहरादून चौप्टर की ओर से सभी का स्वागत किया और आई आई टी रुड़की के 175वें स्थापना दिवस समारोह की सभी को बधाई दी।

## केदारनाथ यात्रा मार्ग पर सोनप्रयाग से गौरीकुण्ड तक किया स्थलीय निरीक्षण

नगर संवाददाता

रुद्रप्रयाग। पशुपालन, दुग्ध विकास, मत्स्य पालन, गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग, प्रोटोकॉल, कौशल विकास एवं सेवायोजन मंत्री सौरभ बहुगणा ने केदारनाथ यात्रा मार्ग सोनप्रयाग से गौरीकुण्ड तक स्थलीय निरीक्षण किया। मंत्री ने यात्रा मार्ग में संचालित हो रहे घोड़े खच्चरों के संबंध में संबंधित अधिकारियों एवं घोड़े खच्चर संचालकों से घोड़े खच्चरों का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिये। उन्होंने यात्रा मार्ग में घोड़े खच्चरों के पानी, रखरखाव की उचित व्यवस्था करने एवं जानवरों के साथ क्रूरता न करने के निर्देश घोड़े खच्चर संचालकों एवं हॉकरों को दिए। मंत्री ने यात्रा मार्ग पर संचालित घोडा खच्चरों में से पचास फीसदी का संचालन ही एक दिन में करने के निर्देश दिए, उन्होंने हर हाल में घोड़े खच्चरों को एक दिन का आराम देने के निर्देश दिए। किसी भी दशा में घोड़े खच्चरों से डबल चक्कर न लगाये जाय, इसके लिये उन्होंने पुलिस एवं संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि यदि किसी के द्वारा ऐसा किया जाता है तो उसके विरुद्व नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाय। उन्होंने घोड़ा पड़ाव में घोडे खच्चरों के रहने के लिए शेड तैयार करने के हेतु उपजिलाधिकारी ऊखीमठ को



प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिये। इसके साथ ही चिकित्सकों के लिए सोनप्रयाग एंव गौरीकुण्ड में आवास व्यवस्था करने के भी निर्देश दिये गये। मंत्री द्वारा घोड़े खच्चर यूनियन के अध्यक्ष से वार्ता करते हुए कहा कि यात्रा मार्ग में संचालित हो रहे घोड़े खच्चरों का ध्यान रखने को कहा गया। उन्होंने यह भी कहा कि यदि किसी मालिक एवं हॉकर द्वारा घोड़े खच्चर की देख–भाल ठीक ढंग से नही की जाती है तो इसकी सूचना जिला प्रशासन को दी जाये, इसके लिये उन्होंने सभी के सहयोग की अपेक्षा की। उन्होंने यह भी निर्देश दिये है कि यदि किसी घोड़े खच्चर की मृत्यु हो जाती है तो सुलभ द्वारा उसको दफनाने की उचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाय। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष अमरदेई शाह, सचिव पशुपालन, सहकारिता, डेयरी डॉ बी.बी.आर.सी. पुरुषोतम, अपर पुलिस अधीक्षक स्वप्न किशोर सिंह, उपजिलाधिकारी ऊखीमठ जितेन्द्र वर्मा, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ आशीष रावत, पुलिस उपाधीक्षक सोनप्रयाग योगेन्द्र गुसांई, गुप्तकाशी विमल रावत, घोडे खच्चर यूनियन के पदाधिकारी सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## छोटी-छोटी खबरें

### ऑडिशन में प्रतिभागियों ने दिखाया हुनर

देहरादून। राज प्रोडक्शन हाउस की ओर से आईएसबीटी स्थित सिटी जंक्शन मॉल में पंजाबी वीडियो सांग 'कुड़ी पटोला' के लिए ऑडिशन का आयोजन किया गया। पंजाबी सॉग 'कुड़ी पटोला' की शूटिंग जून माह से शुरू कर दी जाएगी। इस ऑडिशन में काफी संख्या में युवती–युवा कलाकारों ने प्रतिभाग किया। राज प्रोडक्शन हाउस के डायरेक्टर राज छाबड़ा ने बताया कि रविवार सुबह 11 बजे से ऑडिशन शुरू हो गया थे। उन्होंने बताया कि कुछ प्रतिभागियों का चयन अगले राउंड के लिए किया गया है। राज छाबड़ा ने बताया कि पंजाबी एलबम के सिंगर निक एसआरके जो कि फर्स्ट द वॉइस ऑफ उत्तराखंड विनर रह चुके है इसके साथ ही सिंगिंग स्टार ऑफ इंडिया के विनर भी रह चुके हैं। जानकारी देते हुए प्रोड्यूसर टिंकल अरोडा ने बताया कि निक एसआरके बॉलीवुड के कुछ बड़े प्रोजेक्ट भी कर रहे है ओर साथ ही इस सॉग के राइटर मिक कंडवाल है जो कि 'कुड़ी पटोला' में रैप भी कर रहे है। ऑडिशन प्रोडक्शन के फाउंडर समीर मलिक के द्वारा लिया गया। राज प्रोडक्शन हॉउस के डायरेक्टर ने बताया कि बहुत जल्द वेब सीरीज की शूटिंग में भी काम चल रहा है। यह वेबसेरीज देवभूमि उत्तराखंड के ऊपर दर्शायी जाएगी। इस अवसर पर जज की भूमिका में शिल्पी सक्सेना, आनंद कुमार, नवीन जोशी, सिद्धांत पंवार उपस्थित रहे।

### अनअकैडमी अपने पहले ऑफलाइन राष्ट्रीय छात्रवृत्ति प्रवेश परीक्षा की मेजबानी कर रहा है देहरादून

देहरादून। भारत का सबसे बड़ा शिक्षण मंच, अनअकैडमी ने अनअकैडमी नेशनल स्कालरशिप प्रवेश परीक्षा (यूएनएसएटी) की घोषणा की है जो विद्यार्थियों की सहायता करने के लिए पहली ऑफलाइन परीक्षा होगी। यह परीक्षा 4 और 5 जून को दिल्ली, कोटा, बेंगलुरु, विशाखापत्तनम, देहरादून और भारत के अन्य 40 प्रमुख शैक्षिक केंद्रों में आयोजित की जाएगी। यूएनएसएटी नीट–यूजी, आईआईटी–जेईई और फाउंडेशन (9–12) पाठ्यक्रमों के सभी उम्मीदवारों के लिए आयोजित कराई जा रही है। यूएनएसएटी एक संगठित ऑफलाइन इंफ्रास्ट्रक्चर के निर्माण के अनअकैडमी के प्रयासों में एक महत्वपूर्ण कदम होगा क्योंकि यह ब्रांड जल्द ही पूरे देश में ऑफलाइन अनअकैडमी केंद्र लॉन्च करेगा। विद्यार्थी जो यूएनएसएटी में उत्तीर्ण होंगे, वे अनअकैडमी के कोटा, जयपुर, बैंगलोर, चंडीगढ़, अहमदाबाद, पटना, पुणे, लखनऊ, दिल्ली और अन्य आगामी केंद्रों में नामांकन के पात्र होंगे। विद्यार्थी छात्रवृत्ति का उपयोग अनअकैडमी सेंटर तथा ऑनलाइन सब्सक्रिप्शन में नामांकन के लिए कर सकते हैं।

## आपकी आवाज

**प्रिय पाठकों**

आप अपने क्षेत्र में भ्रष्टाचार, जनहित से जुड़ी अनेकों समस्याओं से अवगत होते हैं। इसके लिए आवाज भी उठाते हैं, लेकिन भ्रष्टाचार व काला–बाजारी के इस युग में आपकी आवाज यदि कहीं दबकर रह जाती है। क्राइम पेट्रोल आपके साथ मिलकर आपकी आवाज उठाएगा। आप कोई जानकारी व समाचार समेत किसी भी प्रकार की कोई सूचना हमें देना चाहते हैं, तो आपके सुझाव आमंत्रित हैं। भ्रष्टाचार को मिटाने की इस मुहिम में हम आपके साथ हैं। आपकी पहचान गुप्त रखी जाएगी। हमें संपर्क करें।

**क्राइम पेट्रोल लाइवः**

प्रवीन भारद्वाज– 9837625470

डीएवीपी ( भारत सरकार ) द्वारा विज्ञापन के लिए मान्यता प्राप्त

आर.एन.आई. रजि. नं० UTTHIN/2005/16772

डाक पंजी० नं० UA/0/DDN/609/2011-13

दूरभाष : 9837625470

फैक्स : 0135-2740155

ई-मेलः crimepatroleditor@gmail.com

visit:- https://crimepatrol.live

# भाजपा ने राज्यसभा सीट के लिए कल्पना सैनी को बनाया प्रत्याशी



नगर संवाददाता

देहरादून। भाजपा ने राज्यसभा प्रत्याशी के लिए डॉ. कल्पना सैनी के नाम का ऐलान कर दिया है। उत्तराखंड से राज्यसभा जाने वाली वे दूसरी महिला होंगी। रविवार शाम को भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव एवं मुख्यालय प्रभारी अरुण सिंह ने विभिन्न प्रांतों के लिए राज्यसभा प्रत्याशियों की सूची जारी की है। उत्तराखंड से अन्य पिछड़ा वर्ग आयोग की अध्यक्ष रही डॉ. सैनी को पार्टी ने उम्मीदवार बनाया है। राज्यसभा सांसद व कांग्रेस के वरिष्ठ नेता प्रदीप टम्टा का कार्यकाल चार जुलाई को खत्म होने से यह पद रिक्त हो रहा है। राज्यसभा सदस्य के लिए नामांकन की अंतिम तिथि 31 मई है, जबकि 10 जून को मतदान होना है। डा. सैनी वर्ष 2019 में अन्य पिछड़ा वर्ग आयोग की अध्यक्ष बनी थी। जून माह में ही उनका कार्यकाल खत्म होने जा रहा है। अविभाजित यूपी के दौरान डा. सैनी के पिता पृथ्वी सिंह विकसित कैबिनेट मंत्री भी रह चुके हैं। विधानसभा में भाजपा के दो तिहाई बहुमत होने से डा. सैनी की जीत तय मानी जा रही है। वे निर्विरोध भी राज्यसभा के लिए चुनी जा सकती हैं। उत्तराखंड राज्य गठन के बाद डा. सैनी दूसरी महिला होंगी, जो राज्यसभा पहुंचेगी। इससे पहले अंतरिम सरकार में सुषमा स्वराज उत्तराखंड के कोटे से राज्यसभा पहुंची थी। पूर्व सीएम त्रिवेंद्र सिंह रावत, प्रदेश महामंत्री कुलदीप कुमार, भाजपा अनुशासन समिति के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष केदार जोशी, भाजपा ओबीसी मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष श्यामवीर सैनी, पूर्व विधायक आशा नौटियाल, राष्ट्रीय एससी–एसटी आयोग की पूर्व सदस्य स्वराज विद्वान समेत दस नाम शामिल किए गए थे।

# लंबगांव नगर पंचायत के वार्ड एक में पानी की दिक्कत



क्राइम पेट्रोल संवाददाता

टिहरी। जल संस्थान की लापरवाही के चलते लंबगांव नगर पंचायत के वार्ड संख्या एक के घरों में पर्याप्त मात्र में पानी की आपूर्ति न होने से लोगों में विभाग के प्रति आक्रोश बना है। पेयजल मरम्मत के नाम पर लाखों रुपए खर्च होने के बावजूद लोगों को पीने के इधर उधर भटकना पड़ रहा है।

लंबगांव नगर पंचायत के वार्ड संख्या एक के निवासी अर्जुन रमोला और विजेंद्र सिंह ने बताया कि उनके वार्ड में पर्याप्त मात्र में पानी की सप्लाई न होने से लोगों दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों को कई बार अवगत करवाया गया, लेकिन वार्ड में पानी का आभाव बना है। बताया तीन पेयजल योजनाओं के साथ ही जलकूर पंपिंग पेयजल योजना से भी लंबगांव बाजार के लिये पानी सप्लाई होती है, लेकिन रख रखाव के आभाव में लोगों को पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा है। कहा कई जगहों पर पाइप लाइन लीकेज होने से पानी की सप्लाई बाधित रहती है, विभाग लीकेज पाइप लाइन को दुरुस्त करने की कोशिश भी नहीं करता है। स्थानीय निवासी नीलम देवी, गंगा देवी, गीता देवी, नरेश सिंह आदि ने शासन–प्रशासन से प्रर्याप्त मात्रा में पानी उपलब्ध कराने की गुहार लगाई है।

# आओ गाँव चलें–उत्तराखण्ड को तम्बाकू मुक्त करें' अभियान का शुभारम्भ

देहरादून, नगर संवाददाता। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ मनोज उप्रेती ने अवगत कराया है कि स्वास्थ्य मंत्री उत्तराखण्ड के द्वारा तम्बाकू निषेध के प्रति जागरूकता जनमानस तक पहुंचाने के लिए ''आओ गाँव चलें–उत्तराखण्ड को तम्बाकू मुक्त करें'' अभियान का शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य मन्त्री द्वारा निर्देशित किया गया है कि उत्तराखण्ड में तम्बाकू निषेध हेतु विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से अभियान चलाया जाये तथा 31 मई को तम्बाकू निषेध पर चिकित्सा इकाई ग्राम पंचायत, गांव, प्राथमिक विद्यालयों, माध्यमिक विद्यालयों, उच्च शिक्षा सम्बन्धित समस्त महाविद्यालयों कार्यालयों में एक साथ शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है।

जिससे अधिक से अधिक जनमानस को तम्बाकू से स्वास्थ्य पर होने वाले नुकसान के प्रति जागरूक किया जा सकें। उन्होंने अवगत कराया है कि राष्ट्रीय तम्बाकू दिवस के अवसर पर 31 मई 2021 को जनपद के समस्त कार्यालयों में प्रातः 10 बजे तम्बाकू शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। उन्होंने सभी विभागध्यक्षों, कार्यालयाध्यक्षों एवं समस्त जनपद स्तरीय अधिकारियों एवं कार्यालयाध्यक्षों को अपने अधीनस्थ आने वाले समस्त अधिकारियोंध्कार्मिकों को शपथ कार्यक्रम में शपथ दिलाए जाने हेतु निर्देशित करने का अनुरोध किया है। साथ ही उक्त कार्यक्रम हेतु रूप रेखा तैयार कर कार्यक्रम की 02 फोटोग्राफ प्रतिभागियों की संख्या मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के ईमेल तथा मोबाईल नम्बर 8954265118, 9410540513 पर भेजन का अनुरोध किया है।


# डीएम ने लिया संज्ञान, सारिका के हाथ का हुआ सफल ऑपरेशन

नगर संवाददाता

पौड़ी। जिले के रिखणीखाल निवासी सारिका हाथ टूटने पर रिखणीखाल सीएचसी गईं थीं जहां डॉक्टरों ने सुविधा के अभाव में उसके हाथ में गत्ता बांध दिया और रेफर कर दिया। सोशल मीडिया पर खबर वायरल होने पर लोग स्वास्थ्य व्यवस्था पर सवाल खड़े कर रहे थे। वहीं, अब सारिका की मदद के लिए पौड़ी डीएम डॉ विनय कुमार जोगदंडे ने हाथ आगे बढ़ाया है।



मीडिया और सोशल मीडिया में सारिका के हाथ पर गत्ता लगाने की खबर चलने पर लोगों ने प्रशासन की जमकर आलोचना की, जिसके बाद डीएम ने पीड़ित सारिका की मदद के लिए हाथ बढ़ाया है। डीएम के मामले में संज्ञान लेने के बाद स्वास्थ्य विभाग हरकत में एम ने संबंधित डॉक्टरों को आदेश जारी कर सारिका का बेहतर उपचार करने को कहा था। साथ ही तहसीलदार को भी निर्देश दिए थे कि समय–समय पर अस्पताल में सारिका का हालचाल जानें। यहीं नहीं डीएम ने समय–समय पर संबंधित स्वास्थ्य अधिकारी से सारिका की जानकारी भी लेते रहने को कहा था। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ प्रवीन कुमार ने कहा सारिका के हाथ का कोटद्वार बेस अस्पताल में अस्थि रोग विशेषज्ञ द्वारा सफल ऑपरेशन किया गया है। अस्पताल के डाक्टरों से बातचीत कर उन्हें बेहतर उपचार करने को कहा गया था। अभी सारिका अस्पताल में ही है। जहां उसका इलाज चल रहा है। सामान्य स्थिति होने पर उसे अस्पताल से छुट्टी दी जाएगी। डीएम के निर्देश पर सारिका के हाथ का कोटद्वार बेस अस्पताल में सफल ऑपरेशन किया गया। सीएमओ डॉ प्रवीन कुमार ने कहा सारिका के उपचार में जो गलतफहमी फैलाई गई थी, उसे दूर करने के लिए लोगों को सभी जानकारी दे दी गई है। पूर्व में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रिखणीखाल में अस्पताल कार्मिकों ने सारिका का उपचार किया था, लेकिन सारिका के बाएं हाथ में सूजन थी। जिसके चलते चिकित्सकों ने हाथ में फ्रैक्चर न हो, इसलिये फैक्चर प्वॉइट को स्थिर रखने के लिए गत्ते की पट्टी लगा दी थी, जिसके बाद सोशल मीडिया पर स्वास्थ्य विभाग की जमकर आलोचना हुई थी।




## यात्री ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कराने के बाद ही चारधाम यात्रा पर जाएंः एसएसपी



ऋषिकेश, स्टाफ रिपोर्टर। देहरादून जिले के एसएसपी जन्मजेय खंडूरी ने कहा कि चारधाम यात्री ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कराने के बाद ही चार धामों की यात्रा पर जाएं। उन्होंने ऋषिकेश कोतवाली में ट्रैवल एंजेटों से समन्वय बनाने को लेकर बैठक भी की, ताकि यात्रियों को धाम पहुंचने में असानी हो। रविवार शाम दून के एसएसपी जन्मजेय खंडूरी चारधाम यात्रा बस टर्मिनल कंपाउंड पहुंचे। यहां पर उन्होंने पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने इस दौरान अधीनस्थों से यात्रा व्यवस्थाओं का फीड बैक लिया। एसएसपी खंडूड़ी ने बताया यात्रियों को गंगोत्री, यमुनोत्री, केदारनाथ और बदरीनाथ धाम पहुंचने में दिक्कत ना हो, इसके लिए सरकार और प्रशासन हरसंभव प्रयास कर रहे हैं। यात्रियों से बिना ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन के यात्रा ना करने की अपील की। कहा, धामों में अव्यवस्था नहीं फैले इसके लिए यात्रियों की संख्या सीमित रखी गई है। बताया की चारधाम से लौटे यात्रियों ने धाम में सरकार की ओर किए गए इंतजामों की सराहना की है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दून ने ऋषिकेश कोतवाली में ट्रेवल एजेंटों से बातचीत कर यात्रियों की सुविधा का ख्याल रखने को कहा। साथ ही प्रशासन के साथ समन्वय बनाने पर जोर दिया। साथ ही इस दौरान उनके सुझाव भी लिए। मौके पर एसपी ग्रामीण कमलेश उपाध्याय, सीओ डीसी ढौंडियाल, कोतवाल रवि कुमार सैनी, एसओजी देहात प्रभारी उपनिरीक्षक ओमकांत भूषण आदि मौजूद रहे।

# मानवाधिकार संगठन ने दून अस्पताल में मरीजों को खाद्य सामग्री वितरित की



देहरादून, नगर संवाददाता। मानवाधिकार एवं सामाजिक न्याय संगठन द्वारा दून अस्पताल में संगठन के संस्थापक सदस्य पदम कुमार जैन की पुण्यतिथि के अवसर पर खाद्य सामग्री वितरित की गई। इस अवसर पर संगठन के चेयरमैन सचिन जैन ने कहा कि वे हमेशा गरीबों की असहायों की सहायता हेतु अग्रसर रहते थे। साथ–साथ उनका सभी के प्रति उदार हृदय एवं करुणामयी व्यक्तित्व के धनी थे। जानवरों के प्रति भी उनका बेहद लगाव था। उन्हें खिलाना पिलाना उनकी रोज की आदत में शामिल था। वे बहुत ही शांत स्वभाव के व्यक्ति थे। अपना दर्द वह कभी नहीं बांटते थे चाहे कितना भी बड़ी समस्या जीवन में आई गई सभी का स्वयं ही निवारण किया। उनका जीवन पर्यंत यही उद्देश्य था गरीब असहाय लोगों की सहायता करना। वह अविस्मरणीय हैं हमेशा हम सब के स्मरण में रहेंगे। अहिंसा परमो ध र्म, सेवा परमो धर्म, नर सेवा नारायण सेवा, जियो और जीने दो की पद्धति पर जीवन के अंत तक चलते रहे। आज हम भी उन्हीं के पद चिन्हों पर चल रहे हैं। इस अवसर पर एसपी सिंह, गीता वर्मा, जितेंद्र डंडोना, अमित अरोड़ा, राजकुमार तिवारी आदि सदस्य मौजूद रहे।

# मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने की जिला विकास प्राधिकरण के कार्यों की समीक्षा



रूद्रपुर, नगर संवाददाता। रुद्रपुर में जिला विकास प्राधिकरण रुद्रपुर के उच्चाधिकारियों के साथ शहरी विकास मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने बैठक की। इस दौरान प्राधिकरण के कार्यों की समीक्षा की गई। साथ ही आवासीय व व्यवसायिक नक्शों को तय समय पर पास करने, अवैध निर्माण पर लगाम लगाने हेतु कार्रवाई सहित कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। श्री अग्रवाल ने इस मौके पर प्राधिकरण को प्रदेश का राजस्व बढ़ाने की दिशा में आवश्यक कदम उठाने को भी कहा। साथ ही 1 सप्ताह के भीतर टोल फ्री नंबर जारी करने के निर्देश दिए।

रविवार को कलेक्ट्रेट सभागार रुद्रपुर में प्राधिकरण की गतिविधियों की विस्तार से वार्ता करते हुए श्री अग्रवाल ने कहा कि समय पर नक्शा पास किया जाए। आवासीय और व्यवसायिक श्रेणी में निर्धारित अवधि के भीतर नक्शा पास किया जाए। कहा कि ऑनलाइन नक्शा पास कराने की प्रक्रिया को भी अमल में लाया जाए। कहा कि जिला विकास प्राधिकरण को जनता की सुविधा के लिए बनाया जाए। इसके लिए कार्य प्रणाली में बदलाव की सोच को विकसित करना होगा। श्री अग्रवाल ने कहा कि ऐसे क्षेत्र जहां धड़ल्ले से निर्माण कार्य हो रहे हैं, उन्हें प्राधिकरण के दायरे में लाने के लिए समयक विचार कर निर्णय लिया जाएगा। उन्होंने प्राधिकरण के अधिकारियों को स्पष्ट तौर पर निर्देशित करते हुए कहा कि अवैध निर्माण कार्यों पर चालान की कार्रवाई और सुनवाई समय पर की जाए। श्री अग्रवाल ने कहा कि अवैध निर्माण में पीड़ात्मक कार्यवाही करने से पूर्व अधि ाकारी व कर्मचारी अपनी जिम्मेदारी सुनियोजित करें। अवैध निर्माण पर बनने से पूर्व कार्यवाही की जाए। श्री अग्रवाल ने कहा कि अवैध निर्माण में यदि प्राधिकरण के किसी अधिकारी व कर्मचारी की संलिप्तता पाई गई तो उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने प्राधिकरण से संबंधित शिकायत और सुझाव के लिए 1 सप्ताह के भीतर टोल फ्री नंबर जारी करने के निर्देश दिए। बैठक में श्री अग्रवाल जी ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 1872 आवास स्वीकृत हुए हैं, उनका निर्माण कार्य 31 मई से पूर्व शुरू किया जाए। बैठक में श्री अग्रवाल जी ने कहा कि जिला विकास प्राधिकरण सरकार का राजस्व बढ़ाने में अहम भूमिका निभाता है। लिहाजा कार्यशैली को बेहतर बनाने के साथ ही सरकार का राजस्व बढ़ाने की दिशा में कार्य करें। बैठक में उपाध्यक्ष जिला विकास प्राधिकरण रुद्रपुर हरीश चंद्र कांडपाल, सचिव एम एस नदियाल, अधिशासी अभियंता विजय कुमार माथुर, सहायक अभियंता रमेश चंद्र जोशी, उप जिलाधिकारी रुद्रपुर प्रत्यूष आदि शामिल रहे।


Aman Generator House

All Uttarakhand Service



KVA To 25, 62, 82, 125, 250, 280, 320, 500, 750, 1250, KVA Generator also Available For Rent & Old Generator Sala & Purchase & Service

8191001817, 9760407371

Office : Opp IT Park, Sahastradhara Road Dehradun

# सौरभ सागर सेवा समिति ने जैन समाज के बुजुर्गों को सम्मानित किया

नगर संवाददाता

देहरादून। संस्कार प्रणेता, ज्ञानयोगी आचार्य सौरभ सागर जी महाराज के पावन आशीर्वाद से एवं आचार्य 108 विबुद्ध सागर जी महाराज, क्षुल्लक समर्पण सागर जी महाराज एवम क्षुल्लक अरिहंत सागर जी महाराज के पावन सानिध्य में जैन समाज के बुजुर्गों का सम्मान समारोह सौरभ सागर सेवा समिति द्वारा दिगंबर जैन पंचायती मंदिर एवं जैन भवन गांधी रोड देहरादून में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए मधु सचिन जैन ने बताया कि प्रारंभ भगवान महावीर स्वामी के चित्र के आगे दीप प्रज्वलन कर किया गया। इसके पश्चात प्राप्ति जैन, स्तुति जैन, श्रेया जैन, स्पर्शा




जैन, समृद्धि जैन एवम रविशा जैन की टीम द्वारा सुंदर स्वागत गीत पर भक्ति नृत्य प्रस्तुत किया गया। समाज के वयोवृद्ध रूढ़ा मल जैन, गोपी चंद जैन, जनेश्वर प्रसाद जैन, रमेश जैन, सुशील जैन आदि बुजुर्गो का सम्मान किया गया। साथ ही हाल ही में समाज की तीनों संस्थाओं के संपन्न हुए चुनावों में विजय हुए पदाधिकारियों एवम सदस्यों का भी समिति द्वारा सम्मान किया गया। सम्मान की श्रंखला में सर्वप्रथम जैन समाज के नवनिर्वाचित अध्यक्ष विनोद जैन (रामपुर वाले), महामंत्री राजेश जैन सहित तीनों संस्थाओं के समस्त कार्यकारिणी सदस्यों का सम्मान सौरभ सागर सेवा समिति द्वारा किया गया।




## सीएम ने हिन्दी पत्रकारिता दिवस की पत्रकारों को शुभकामनाएं दीं

देहरादून, नगर संवाददाता। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हिन्दी पत्रकारिता दिवस पर सभी मीडिया प्रतिनिधियों को शुभकामनाएं दी हैं। हिन्दी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर जारी अपने संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा कि लोकतंत्र के चौथे स्तम्भ के रूप में पत्रकारिता देश की राजनीतिक, आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक आदि विभिन्न क्षेत्रों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। स्वतंत्रता आन्दोलन में हिन्दी पत्रकारिता की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। हिन्दी पत्र–पत्रिकाओं ने समाज में जन जागरूकता के प्रसार में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि आधुनिक सूचना, तकनीकी एवं सोशल मीडिया के वर्तमान दौर में हिदी पत्रकारिता के समक्ष नई चुनौतियों के साथ ही इसकी प्रासंगिकता भी बढ़ी है।

## अपात्र अब 30 जून तक कर सकेंगे राशन कार्ड सरेंडर

देहरादून, नगर संवाददाता। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशानुसार "अपात्र को ना–पात्र को हां" अभियान के अन्तर्गत अपात्र राशनकार्ड ध ारकों को अपना राशनकार्ड समर्पित किये जाने की समयावधि 31 मई, 2022 से बढ़ाकर 30 जून 2022 कर दी गई है। यह जानकारी देते हुए आयुक्त, खाद्य नागरिक आपूर्ति सचिन कुर्वे ने बताया कि वर्तमान में अपात्र को ना पात्र को हां अभियान के अन्तर्गत अपात्र राशनकार्ड धारकों को अपना राशनकार्ड समर्पित किये जाने हेतु 31 मई, 2022 तक का समय निर्धारित किया गया था, जिसे बढ़ाकर दिनांक 30 जून 2022 कर दिया गया है।

## वन्यजीवों से सुरक्षा की मांग

देहरादून, नगर संवाददाता। कांग्रेस प्रदेश महासचिव कवींद्र ईष्टवाल ने चौबट्टाखाल विधायक एवं कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज से मुलाकात की। महाराज से क्षेत्र में गुलदारों की लगातार बढ़ती सक्रियता को लेकर चिंता जाहिर की। गुलदारों के आतंक से मुक्ति दिलाने की मांग की। रस्लवाण दीवा देवी मंदिर के पैदल रास्ते के निर्माण की भी मांग की, जिससे मंदिर में दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को आसानी हो और क्षेत्र के लोगों को भी लाभ मिल सके। ईष्टवाल ने कहर कि जंगली जानवरों के आंतक से लोग सहमे हुए हैं। चौबट्टाखाल तहसील और उससे जुड़े क्षेत्र के छोटे–छोटे गांव इंसान विहीन हो चुके हैं।

## संपादकीय..............

# पुरानी पेंशन योजना और भविष्य निधि योजना लागू करने की मांग उठाई

उत्तराखंड ऊर्जा कामगार संगठन यमुना वैली की आम बैठक में पुरानी पेंशन योजना और भविष्य निधि योजना लागू करने की मांग उठाई गई। कर्मचारियों ने मांगों के पूरा नहीं होने पर तीनों निगम प्रबंधन के खिलाफ आक्रोश जताया। उत्तराखंड ऊर्जा कामगार संगठन यमुना वैली की आम बैठक रविवार को द्वितीय क्लब डाकपत्थर में संपन्न हुई। बैठक में कर्मचारियों की लंबित समस्याओं का निस्तारण नहीं होने पर ऊर्जा के तीनों निगम प्रबंधन के खिलाफ नाराजगी जाहिर की गई। इस दौरान संगठन में शामिल हुए नए सदस्यों का स्वागत किया गया। संगठन के प्रांतीय अध्यक्ष राकेश शर्मा ने कहा कि ऊर्जा के तीनों निगमों में पुरानी पेंशन योजना और भविष्य निधि योजना लागू की जानी चाहिए, जिससे कर्मियों को सेवानिवृत्ति के बाद आर्थिक सुरक्षा मिल सके। समयबद्ध वेतनमान और एसीपी की विसंगतियों को लंबे समय से ठीक नहीं किया जा रहा है, जिससे कर्मचारियों को आर्थिक नुकसान झेलना पड़ रहा है। कहा कि तकनीकी सहायक पद पर कार्यरत कर्मचारियों को अवर अभियंता के समान 4600 रुपए ग्रेड पे और लिपिकीय कर्मियों के लिए कॉमन कैडर की व्यवस्था होनी चाहिए। कहा कि लंबे समय से कर्मचारियों का चिकित्सा प्रतिपूर्ति बिलों के भुगतान का मामला लटका हुआ है। विद्युत गृहों और सब स्टेशनों में कर्मचारियों की कमी बनी हुई है, जिससे बिजली उत्पादन प्रभावित होता है। बावजूद इसके निगम प्रबंधन नए कर्मियों की भर्ती नहीं कर रहा है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि उपनल कर्मियों को समान कार्य समान वेतन के दायरे में लाना जरूरी है, जिससे कर्मियों के आर्थिक शोषण पर रोक लग सके। बताया कि डाकपत्थर यमुना वैली में कर्मचारियों के सिविल कार्य समय पर नहीं हो रहे हैं। निगम प्रबंधन एक ही ठेकेदार को कई कार्य सौंप दिए हैं, जिससे कई सिविल कार्य अधूरे पड़े हुए हैं। उन्होंने सभी समस्याओं जल्द निस्तारण की निगम प्रबंधनों से की है। इस दौरान चंद्रशेखर पुरोहित, रियाज, गोपाल बिहारी, पीसी चंदोला, पंकज नैथानी, जगदीश जोशी, रोहताश, लाजवंती सेमवाल, विकास पुंडीर, आशीष तोमर आदि मौजूद रहे।

# विकास लाइफकेयर लिमिटेड ने 2000 मिलियन रुपये तक के क्यूआईबी इश्यू की घोषणा की

देहरादून, नगर संवाददाता। बीएसई और एनएसई में सूचीबद्ध विकास लाइफकेयर लिमिटेड (बीएसई:542655, एनएसईरू विकास लाइफ) ने एक्सचेंजों को सूचित किया है कि कंपनी की बोर्ड की फंड जुटाने वाली समिति ने 25 मई, 2022 को हुई अपनी हालिया बैठक में 500 मिलियन रुपये तक के क्यूआईबी इश्यू को मंजूरी दे दी है। शेष 1500 मिलियन रुपये की राशि आगे चरणबद्ध तरीके से कंपनी एकत्रित करेगी। कंपनी ने सेबी के नियमों के तहत निर्धारित मूल्य निर्धारण फॉर्मूले के आधार पर इश्यू के फ्लोर प्राइस को 4.20 रुपये प्रति इक्विटी शेयर पर मंजूरी दी। इस महीने की शुरुआत में, कंपनी ने घोषणा की थी कि उसने एमिटी यूनिवर्सिटी (उत्तर प्रदेश, भारत) के साथ एक रणनीतिक गठबंधन बनाने के लिए एक एमओयु किया है, ताकि अपने उत्पादों को बेहतर बनाते हुए बढ़ोतरी के लिए अपनी अनुसंधान एवं विकास गतिविधियों और टेक्नोलॉजी ट्रांसफर्स को मजबूत किया जा सके। इस पार्टनरशिप के तहत, विकास लाइफकेयर एमिटी यूनिवर्सिटी के साथ मिलकर इकोफ्रेंडली प्लास्टिक और अक्षय ऊर्जा स्रोतों (रिन्यूएबल एनर्जी सोर्सेज) पर विशेष ध्यान देने के साथ टेक्नोलॉजिकल इनोवेशंस, आइडियाज, मोलेक्युल्स, फॉर्मूलेशन्स, प्रोडक्ट्स आदि के वाणिज्यिक कार्यान्वयन का चयन, मूल्यांकन और अंत में काम करेगा। इस पार्टनरशिप के तहत विकसित इनोवेशंस, टेक्नोलॉजीस और प्रोडक्ट्स पर विकास लाइफकेयर का पूर्व–अधिकार होगा। यह ऐसी पार्टनरशिप है जिसके जरिए कई महत्वपूर्ण व्यावसायिक मूल्यों के बीच, विकास लाइफकेयर बेहतर और किफायती, उन्नत–टेक्नोलॉजी वाले प्रोडक्ट उपलब्ध करवाने के लिए एक तेज और प्रतिष्ठित साथी ढूंढता है। विकास लाइफकेयर लिमिटेड (वीएलएल) एक आईएसओ 9001:2015 प्रमाणित कंपनी है, जो वर्षों से प्लास्टिक, सिंथेटिक और प्राकृतिक रबड़ के लिए पॉलिमर और रबर कंपाउंड्स और स्पेशलिटी एडिटिव्स के व्यापार और निर्माण का काम करती है। कंपनी पारंपरिक रूप से पॉलिमर और रबर कमोडिटी (थोक खपत) कंपाउंड्स और मास्टर–बैच सहित विभिन्न व्यावसायिक क्षेत्रों में काम करती है। औद्योगिक और उप–उपभोक्ता अपशिष्ट और ईवीए, पीवीसी, पीपी, पीई इत्यादि जैसे स्क्रैप सामग्री से अप–साइकिल यौगिकों का निर्माण, भारत सरकार से पर्यावरण संरक्षण पहल में सीधे योगदान देता है और सैकड़ों–हजारों टन प्लास्टिक उत्पाद और पैकेजिंग सामग्री का उपयोग करके समूह के लिए अनिवार्य ईपीआर दायित्वों को पूरा करता है। वीएलएल ओएनजीसी– द ऑयल एंड नेचुरल गैस कॉरपोरेशन लिमिटेड का एक डेल–क्रेडियर एजेंट भी है, पेट्रो एडिशन लिमिटेड, एक सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम है जो विभिन्न प्रकार के बेस पॉलिमर और कमोडिटी प्लास्टिक कच्चे माल का उत्पादन करता है। वीएलएल का एग्रो प्रोडक्ट्स बिजनेस में एक डिवीजन है, कंपनी नेफेड –नेशनल एग्रीकल्चर को–ऑपरेटिव फेडरेशन ऑफ इंडिया और एचओएफडी –उत्तर प्रदेश हॉर्टिकल्चर को–ऑपरेटिव मार्केटिंग फेडरेशन में सूचीबद्ध है। एक दीर्घकालिक व्यापार रणनीति के रूप में, कंपनी ने हाल ही में कच्चे माल (बी 2 बी व्यवसायों) के अतिरिक्त अपने व्यावसायिक हितों में विविधता लाते हुए एफएमसीजी, एग्रो और इंफ्रास्ट्रक्चर सेगमेंट के लिए कई उपभोक्ता उत्पादों के साथ बी2सी सेगमेंट में प्रवेश किया हैय अधिग्रहण, संयुक्त उद्यमों और टाई–अप्स के जरिए जटिल रूप से नियोजित और चयनित उत्पाद पोर्टफोलियो को जोड़ने के साथ अपने व्यावसायिक विकास को तेज करने के लिए कई नई योजनाओं पर काम शुरू किया है।

# प्रधानमंत्री मोदी ने इफको द्वारा दुनिया के पहले नैनो यूरिया संयंत्र का उद्घाटन किया और इसे राष्ट्र को समर्पित किया

देहरादून, नगर संवाददाता। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज इफको द्वारा कलोल, गुजरात में दुनिया के पहले नैनो यूरिया तरल संयंत्र का उद्घाटन किया, जिसका उद्देश्य किसानों को उत्पादकता बढ़ाने और उनकी आय बढ़ाने में मदद करना है। प्रधानमंत्री ने गांधीनगर गुजरात में आयोजित एक समारोह में अत्याधुनिक नैनो यूरिया तरल उर्वरक संयंत्र को राष्ट्र की सेवा को समर्पित किया। समारोह में अमित शाह, केंद्रीय गृह मंत्री एवं सहकारिता मंत्री, गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल जी और केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, रसायन एवं उर्वरक मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया मौजूद थे। इस अवसर पर बोलते हुए, भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि उन्हें दुनिया के पहले नैनो–उर्वरक संयंत्र का लोकार्पण करते हुए बेहद खुशी हो रही है। उन्होंने आगे कहा कि यूरिया की एक बोरी की शक्ति अब किसानों को यूरिया की आधा लीटर बोतल में उपलब्ध होगी जिससे परिवहन लागत कम होगी और छोटे किसानों को और अधिक सशक्त बनाने में मदद मिलेगी। दुनिया के पहले नैनो–उर्वरक संयंत्र के उद्घाटन के मौको पर बोलते हुए पीएम मोदी ने यह भी कहा कि कलोल में इफको का अत्याधुनिक नैनो–यूरिया संयंत्र प्रति दिन 1.5 लाख बोतल यूरिया का उत्पादन कर सकता है और ऐसे आठ और संयंत्र स्थापित करने की योजना बना रहे हैं। वास्तव में यह भारतीय कृषि जगत में क्रांति लाकर आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करेगा। इतना ही नहीं इससे यूरिया के आयात पर निर्भरता में कमी आएगी। केंद्रीय गृह सह सहकारिता मंत्री अमित शाह जी ने इस मौके पर इफको और उनके वैज्ञानिकों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि नैनो यूरिया उर्वरक भारतीय कृषि जगत में क्रांति लेकर आएगा। इफको ने नैनो उर्वरकों के उत्पादन के लिए आंवला, फूलपुर, कलोल (विस्तार), बेंगलुरु और पारादीप, कांडला, देवघर (बिहार) और गुवाहाटी इकाइयों में नैनो यूरिया, नैनो डीएपी और नैनो माइक्रो पोषक तत्वों के उत्पादन के लिए विभिन्न स्थानों पर अतिरिक्त विनिर्माण सुविधाएं स्थापित की हैं। इन सभी इकाइयों में 3000 करोड़ के कुल निवेश के साथ प्रति दिन 2 लाख बोतलों की डिजाइन उत्पादन क्षमता होगी , जिसमें से 720 पहले से ही प्रतिबद्ध है और हजारों लोगों के लिए रोजगार पैदा करेगी। इफको के एमडी डॉ. यूएस अवस्थी ने प्लांट के वॉकथ्रू वीडियो की मदद से प्लांट के कामकाज और इसकी विभिन्न तकनीकों के बारे में जानकारी दी, जिसे लॉन्च के माध्यम से लाइव दिखाया गया। इफको नैनो यूरिया के उपयोग को एक फिल्म में वहां मौजूद 7000 से अधिक किसानों और सह–संचालकों को दिखाया गया था, जिसकी प्रेरणा माननीय प्रधानमंत्री की मिट्टी में यूरिया के उपयोग को कम करने के दृष्टिकोण से ली गई थी। उन्होंने कहा कि नैनो यूरिया क्रांति का वाहन ड्रोन होगा, क्योंकि यह आधुनिक कृषि तकनीकों और प्रथाओं को पेश करेगा। इफको के प्रबंध निदेशक डॉ. उदय शंकर अवस्थी ने कहा कि नैनो यूरिया तरल फसल की पोषण गुणवत्ता और उत्पादकता बढ़ाने में बहुत प्रभावी पाया गया है और इसका भूमिगत जल और पर्यावरण की गुणवत्ता पर एक बड़ा सकारात्मक प्रभाव पड़ता है जिसके परिणामस्वरूप ग्लोबल वार्मिंग में महत्वपूर्ण कमी आई है। उन्होंने बताया कि इफको नैनो यूरिया तरल की 3.60 करोड़ बोतल का उत्पादन किया गया है, जिसमें से 2.50 करोड़ की बिक्री हो चुकी है। इफको के अध्यक्ष, दिलीप संघाणी ने कहा कि नैनो यूरिया तरल को प्रधानमंत्री मोदी के आत्मानिर्भर भारत और सहकार से समृद्धि के दृष्टिकोण के अनुरूप बनाया गया है, जिसका उद्देश्य किसानों की आय बढ़ाना है।



# भारत की पहली डैफ माउंटेनियर अमीषा को आप ने किया सम्मानित

नगर संवाददाता

देहरादून। एवरेस्ट फतह करने वाली देश की पहली डैफ माउंटेनियर अमीषा चौहान को देहरादून में सम्मानित किया गया। इस मौके पर आप के प्रदेश संगठन समन्वय जोत सिंह बिष्ट और सभी पदाधिकारियों ने अमीषा चौहान और उनके माता–पिता का फूल मालाओं से स्वागत किया। इस दौरान अमीषा ने अपनी जर्नी के बारे में भी बताया।

राज्य की शान बढ़ाने वाली अमीषा चौहान टिहरी जिले के जौनपुर ब्लॉक के भैंसवाड़ी गांव की रहने वाली हैं। अमीषा ने कहा बचपन में उसने पायलट बनने का सपना देखा था, लेकिन उनका यह सपना पूरा नहीं हो पाया। जिसके बाद उन्होंने इंजीनियरिंग की पढ़ाई पूरी की। बाद में उन्होंने सॉफ्टवेयर इंजीनियर के रूप में काम किया, लेकिन होनी को कुछ और ही मंजूर था। मीषा ने उत्तरकाशी में 2007 में ट्रेकिंग की शुरुआत की। जिसके बाद



उनकी मुलाकात बछेंद्री पाल से हुई। वहीं से उन्होंने इसकी प्रेरणा ली। अमीषा चौहान ने बताया वह भारत की पहली डैफ स्कीइंग प्लेयर हैं और 2024 में होने जा रहे ओलंपिक के लिए उन्हें सरकार अगर मदद करें तो वह राज्य के साथ देश का नाम भी रोशन करेंगी। 6 मई 2018 को अमीषा ने 71.5 घंटे में सबसे ऊंची चोटी माउंट एवरेस्ट को फतह किया। उन्होंने भारत की सबसे तेज पर्वतारोही होने का नया कीर्तिमान बनाया। इसकी ऊंचाई 18510 फीट है। वहीं, 30 दिसंबर 2017 को अमीषा नेम माउंट केले मंजारो की 19341 फीट की सबसे ऊंची चोटी को 54 घंटे में फतह कर फास्ट क्लाइंबर पहली भारतीय महिला होने का रिकॉर्ड बनाया। इसके बाद 23 मई 2019 को अमीषा ने तमाम कठिनाइयों से जूझते हुए माउंट एवरेस्ट पर तिरंगा फहराते हुए भारत की डैफ पर्सन बनीं।






## तिलाड़ी दिवस पर प्रदेश में होंगे धरना और प्रदर्शन

देहरादून, नगर संवाददाता। तिलाड़ी विद्रोही याद में प्रदेश भर में जुलूस, प्रदर्शन और संगोष्ठी आयोजित की जाएंगी। इन कार्यक्रमों के माध्यम से तिलाड़ी विद्रोह के शहीदों को याद कर राज्य की मौजूदा स्थिति पर मंथन के साथ सरकार की जनविरोधी नीतियों का विरोध किया जाएगा। रविवार को प्रेस क्लब में राज्य के आंदोलनकारी, विपक्षी दलों और विभिन्न जन संगठनों से जुड़े लोगों ने पत्रकारों से बातचीत की। भाकपा के राज्य सचिव समर भंडारी ने कहा कि धरना, प्रदर्शन और संगोष्ठियां देहरादून, चमियाला, पौड़ी, भवाली, रामगढ़, रामनगर, बागेश्वर, अल्मोड़ा, श्रीनगर, थलीसैंण, रुद्रप्रयाग, टिहरी, मुंसियारी, उत्तरकाशी, उधमसिंहनगर में होंगे। इन कार्यक्रमों में वक्ता कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर अपनी बात रखेंगे। अतिक्रमण हटाने और परियोजनाओं के नाम पर गरीब परिवारों को बेघर करने का विरोध किया जाएगा। उत्तराखंड में चकबंदी और स्थानीय विकास के लिए भू–कानून की मांग उठाई जाएगी। राज्य में वन अधिकार कानून का अमल पूरी तरह से हो। वन अधिकारों की मान्यता होने के बाद उनके आधार पर पर्यटन, छोटी परियोजनाओं और अन्य ऐसे प्रयासों द्वारा स्थानीय रोजगार के लिए योजना बनाई। वन अधिकार कानून के तहत वन में किसी भी संसाधन को इस्तेमाल करने से पहले वहां की स्थानीय ग्राम सभा से अनुमति ली जाए। कहा कि बड़ी परियोजनाओं को 37 प्रकार की कर छूट और सब्सिडी दी जा रही है। कर छूट और सब्सिडी को बंद करने की मांग भी इन कार्यक्रमों में उठाई जाएगी। इस मौके पर उत्तराखंड महिला मंच के संयोजक कमला पंत, समाजवादी पार्टी के राज्य अध्यक्ष डॉ. एसएन सचान, चेतना आंदोलन के शंकर गोपाल आदि मौजूद रहे।

## एक और पांच जून को रद रहेगी नैनी–दून जनशताब्दी

देहरादून, नगर संवाददाता। देहरादून–काठगोदाम के बीच चलने वाली नैनी–दून जनशताब्दी एक्सप्रेस एक और पांच जून को रद रहेगी। ट्रेन के रद रहने से दून से कुमाऊं जाने और कुमाऊं से दून आने वाली रेल यात्रियों को परेशानी होगी। उनको बस या टैक्सी से सफर करना पड़ेगा। स्टेशन अधीक्षक रविंद्र कुमार ने बताया कि नगीना स्टेशन के पास ट्रैक पर कुछ काम चलना है। काम के लिए रेलवे ने ब्लॉक लिया है। जिस कारण इस रूट की कई ट्रेनें रद रहेंगी। इसमें देहरादून–काठगोदाम के बीच चलने वाली नैनी–दून जनशताब्दी एक्सप्रेस भी शामिल है। वहीं, ट्रेन के रद होने से यात्रियों को परेशानी हो रही है। ट्रेन में लंबी वेटिंग चल रही है।

# निशंक के रचना संसार ऑनलाइन वेबिनारों का बना विश्व रिकॉर्ड




नबर संवाददाता

देहरादून। वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड लंदन एवं हिमालय विरासत ट्रस्ट के तत्वाधान में आयोजित कार्यक्रम में डॉ निशंक के रचना संसार पर ऑनलाइन वेबीनार की निर्बाध श्रृंखला के लिए कीर्तिमान स्थापित होने पर सम्मान समारोह आयोजित किया गया। साहित्य अकादमी सभागार में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में डॉ महेंद्र नाथ पाण्डेय, भारी उद्योग मंत्री, भारत सरकार उपस्थित रहे। सम्मान कार्यक्रम की अध्यक्षता महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ रजनीश कुमार जी, एवं विशिष्ट अतिथि के रुप में डॉ सुमित्रा कुकरेती प्रति कुलपति इग्नू, डॉ गोविंद प्रसाद अध्यक्ष एनबीटी, डॉ रमेश पाण्डेय पूर्व कुलपति लाल बहादुर शास्त्री संस्कृत विश्वविद्यालय की उपस्थिति रही। हिमालय विरासत ट्रस्ट एवं वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स का आभार प्रकट करते हुए डॉ निशंक ने कहा कि हिंदी भाषा हम सब को जोड़ती है। मंत्री डॉ महेंद्र नाथ पाण्डेय ने बताया कि डॉ निशंक के साथ उन्होंने लंबे समय तक काम किया है। मंत्री जी ने कहा कि हालांकि डॉ निशंक गरीब परिवार से रहे हैं पर संस्कारों की दृष्टि से वे अत्यंत समृद्ध परिवार में पैदा हुए। डॉ निशंक की सृजनात्मकता और संवेदनशीलता से पाठकों पर विशेष प्रभाव पड़ा। उन्होंने कहा कि डॉ निशंक हिमालय को जी रहे हैं। माननीय मंत्री डॉ महेंद्र पांडेय ने देश के शिक्षा मंत्री के रूप में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में डॉ निशंक के महत्वपूर्ण योगदान का स्मरण करते हुए उनका अभिनंदन किया। डॉ रमेश पांडे, डॉ गोविंद प्रसाद, डॉ सुमित्रा कुकरेती ने डॉ निशंक की बहुआयामी प्रतिभा का उल्लेख करते हुए साहित्य की विभिन्न विधाओं में उनकी रचनाओं की बड़ी प्रशंसा की। डॉ कुकरेती ने डॉ निशंक के साहित्य को ज्ञानवर्धक और प्रेरणाप्रद बताया। डॉ निशंक ने बताया कि वह बचपन से ही टूटे–फूटे शब्दों को अभिव्यक्त करते हुए सामाजिक सरोकारों से जुड़े रहे हैं। डॉ निशंक ने बताया कि राष्ट्रीय पुस्तक न्यास ने देश की आजादी के बाद साहित्य साधना को आगे ले जाने में सफलता पाई और उस दौरान कई कीर्तिमान भी टूटे हैं। भारत के निर्माण के लिए आधारशिला के रूप में लागू की जा रही है राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के माध्यम से डॉ निशंक ने हिंदी के साथ समस्त भारतीय भाषाओं को सशक्त करने का महत्वपूर्ण कार्य किया है। देश–विदेश के विभिन्न विश्वविद्यालयों के पाठ्यक्रमों में डोनेशन की पुस्तकों को शामिल करते हुए उन पर अध्ययन और अध्यापन कार्य किया जा रहा है।



# यूकेडी की ऑनलाइन सदस्यता अभियान की केंद्रीय अध्यक्ष ऐरी ने की शुरुआत

नगर संवाददाता

देहरादून। प्रदेश में राजनैतिक स्तर पर पार्टी की मजबूती के लिए यूकेडी की ओर से कवायद तेज कर दी गई है। आर.टीवा ग्रुप के सहयोग से उत्तराखंड क्रांति दल का एप्प व ऑन लाइन सदस्यता अभियान की शुरुआत दल के केंद्रीय अध्यक्ष काशी सिंह ऐरी द्वारा की गई।

उत्तराखंड क्रांति दल ने एक कदम आगे राजनीतिक प्रबंधन को मजबूत करने के लिए कैनाल रोड राजपुर रोड़ देहरादून में भारत पार्टी जोन में दल के अध्यक्ष काशी सिंह ऐरी द्वारा उत्तराखंड क्रांति दल का एप्प व ऑन लाइन सदस्यता अभियान लॉन्च किया गया। सोशल मिडिया प्रबंधन के लिए आर. टीवा ग्रुप के एम0डी0, सी इ ओ अनुज भाष्कर व अजय सकलानी के सहयोग से किया गया। इस अवसर पर दल के केंद्रीय अध्यक्ष काशी सिंह ऐरी ने कहा कि दल को सांगठनिक मजबूती के लिए सोशल मिडिया का मजबूत होना व प्रोग्राम को मजबूती के साथ आगे बढ़ना होगा। साथ ही प्रत्येक पदाधिकारियों को अनुशासन के साथ रहे। इस अवसर पर अनुज भाष्कर ने मेकेनिज्म प्लान पर योजना बताई, साथ ही अजय सकलानी ने कहाँ कि आर वीटा ग्रुप उक्रांद को प्रोमोट के लिए कार्य करेगा। इस अवसर पर सुरेन्द्र कुकरेती, डॉ शक्ति शेल कपरुवाण, पूर्व आई ए एस सुरेन्द्र सिंह पांगती, प्रताप शाही, किशन मेहता, सुनील ध्यानी, डी डी जोशी, बहादुर सिंह रावत, विजय बौडाई, ललित बिष्ट, वी के ओली, पी सी थपलियाल,विपिन रावत, बिजेंद्र रावत, डॉ पंकज पैन्यली राजेंद्र बिष्ट,टीकम राठौर, शिव प्रसाद सेमवाल,मीनाक्षी घिल्डियाल,राज नितिन रावत,संजय डोभाल, अभिषेक बहुगुणा, शांखधर, योगी पंवार आदि थे।







स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक प्रवीन भारद्वाज द्वारा दून हाइट्स पब्लिकेशन, 12 किशनपुर राजपुर रोड, देहरादून से मुद्रित एवं 20 दिलाराम बाजार देहरादून, उत्तराखण्ड से प्रकाशित। क्राइम पेट्रोल सांध्य दैनिक सम्पादक प्रवीन भारद्वाज मो. 9837625470, फैक्स : 0135-2740155 नोट:– समस्त विवादों का न्यायालय देहरादून क्षेत्र होगा।